**भारत सरकार**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय**
**पशुपालन और डेयरी विभाग**
**लोकसभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या-1400**
**दिनांक 09 दिसंबर, 2025 के लिए प्रश्न**

**संघ राज्यक्षेत्र लक्षद्वीप में एमवीयू योजना**

**1400. श्री हमदुल्ला सईद:**

क्या **मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार को जानकारी है कि पशुपालन एवं डेयरी विभाग के व्यापक पशुधन स्वास्थ्य एवं रोग नियंत्रण (एलएचडीसी) कार्यक्रम के अंतर्गत कार्यान्वित मोबाइल पशु चिकित्सा इकाई (एमवीयू) योजना अभी तक संघ राज्यक्षेत्र लक्षद्वीप में कार्यान्वित नहीं की गई है;

(ख) यदि हाँ, तो सुदूर क्षेत्रों में पशुपालकों को उनके घर पर पशु चिकित्सा स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करने के लक्ष्य के बावजूद इस योजना के कार्यान्वित न होने के क्या कारण हैं;

(ग) क्या सरकार ने द्वीपसमूह में एमवीयू सेवाओं के न होने के कारण पशु स्वास्थ्य एवं पशुधन उत्पादकता पर इसके प्रभाव का कोई आकलन किया है;

(घ) क्या सरकार का निकट भविष्य में लक्षद्वीप में एमवीयू योजना शुरू करने या उसे कार्यान्वित करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसे कब तक कार्यान्वित किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**
**मत्स्यपालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री**
**(श्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह)**

(क) से (ङ) पशुपालन और डेयरी विभाग (DAHD) ने पशुधन स्वास्थ्य और रोग नियंत्रण कार्यक्रम (LHDCP) के तहत, वर्ष 2021 के दौरान संघ राज्य क्षेत्र लक्षद्वीप को 9 मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयां (MVU) खरीदने के लिए 144.00 लाख रुपए की निधि जारी की। हालांकि, बाद में संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन द्वारा यह राशि लौटा दी गई थी। संघ राज्य क्षेत्र लक्षद्वीप से प्राप्त जानकारी के अनुसार, सीमित भूमि क्षेत्र और पशुधन की कम संख्या के कारण कोई भी MVU नहीं खरीदी गई।

*****